डॉ० नितिन कुलकर्णी, निदेशक वन उत्पादकता संस्थान, रांची ने केंद्रीय तसर अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण संसथान, नगड़ी, रांची में अनुसन्धान सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया.

रांची, 10 फरवरी 2018 दैनिक जागरण 9

किसानों की समस्या का निराकरण जरूरी : सिन्हा

विमर्श

- तसर अनुसंधान केंद्र में हुई योजनाओं की समीक्षा
- नगड़ी में हुई अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक

संवाद सूत्र, पिस्कानगड़ी : केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नगड़ी में शुक्रवार को अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में संस्थान द्वारा चलाई जा रही कुल 23 परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा देश में तसर रेशम उद्योग के विकास के लिए 5 नए परियोजना प्रस्तावों पर समिति ने विचार किया। अध्यक्षता सिद्धो-कान्हू विवि के कुलपति डॉ. डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने संस्थान द्वारा संचालित परियोजनाओं एवं उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से तसर उत्पादन में निरंतर वृद्धि हेतु कृषकों की समस्याओं के सापेक्ष और अधिक परियोजनाओं के संचालन पर बल दिया। वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर संस्थान के अधीनस्थ क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों से अनुरोध किया कि वे भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष परियोजनाओं को प्रारंभ करें। इस अवसर पर डॉ. कालीदास मंडल, निदेशक (तकनीकी), केंद्रीय रेशम बोर्ड, डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान, डॉ. केवी भट्ट, प्रधान वैज्ञानिक, आइएआरआइ, नई दिल्ली, डॉ. केके शर्मा, निदेशक, भारतीय रॉल एवं गोंद संस्थान, नामकुम, रांची एवं राज्य रेशम विभाग, झारखंड, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ निदेशक तथा संस्थान के निदेशक डॉ.अजीत कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

बैठक में शामिल तसर वैज्ञानिक व कर्मी • जागरण

दैनिक भास्कर, रांची, शनिवार, 10 फरवरी, 2018

केंद्रीय तसर अनुसंधान केंद्र में सलाहकार समिति की बैठक

पिस्का नगड़ी | केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसमें संस्थान की 23 परियोजना की समीक्षा की गई। इसके अलावा देश में तसर उद्योग के विकास के लिए पांच नई परियोजनाओं के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता सिदो-कान्हो विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने की। चार तकनीकी सत्र में चली इस बैठक के उद्घाटन सत्र में डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने संस्थान की परियोजनाओं व उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में कुल 12 तसर उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधि के अलावा राज्य सरकार के कुल 30 अफसर सहित संस्थान के सभी वैज्ञानिक उपस्थित थे। मौके पर केंद्रीय रेशम बोर्ड के तकनीकी निदेशक डॉ. कालीदास मंडल, वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी, आईएआरआई नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.केवी भट्ट, भारतीय रॉल एवं गोंद संस्थान नामकुम के निदेशक डॉ.केके शर्मा, झारखंड, ओड़िशा व छत्तीसगढ़ के निदेशक के अलावा संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा उपस्थित थे।